प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 08.09.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः—

1— बलौदाबाजार जिले के मोहतरा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से सात लोगों की मौत।

2— सरगुजा जिले के एल्युमिनियम प्लांट में आज हुए एक हादसे में तीन मजदूरों की मौत—पांच से छह मजदूरों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका।

3— अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आज रायपुर में राज्य स्तरीय ''उल्लास साक्षरता अभियान'' कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

4— प्रदेशभर में कल मनाया जाएगा किसान दिवस—रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे शामिल।

**<u>आकाशीय बिजली—मौत</u>**

बलौदाबाजार जिले के ग्राम मोहतरा में आकाशीय बिजली के चपेट मे आने से सात लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग तेज बारिश से बचने तालाब के पास एक पेड़ के नीचे रूके हुए थे। इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे मौके पर ही सातों लोगों की मौत हो गई।

**<u>प्लांट हादसा—मौत</u>**

सरगुजा जिले के एक एल्युमिनियम प्लांट में आज हुए एक हादसे में तीन मजदूरों की मौत होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार सिलसिला गांव में संचालित एल्युमिनियम प्लांट में कोयले से भरा हॉपर गिर गया। घटनास्थल पर पांच से छह मजदूरों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। इन मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

**<u>अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस</u>**

आज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इस अवसर पर राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय ”उल्लास साक्षरता अभियान“ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीप

प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने किया।

मुख्यमंत्री ने उल्लास मेला स्थल पर बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लिए नवाचारी गतिविधियों पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में कुल छह स्टाल लगाए गए हैं, जिसमें पांच स्टाल संभागों के उल्लास कार्यक्रम पर और एक स्टाल एससीईआरटी का है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने संदेश में कहा है कि साक्षरता का विकास से सीधा संबंध है। साक्षरता समाज में समानता, शांति और विकास का मूल आधार है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अक्षर ज्ञान की महत्ता बताने का दिन है। यह ज्ञान के प्रकाश से समाज में सुख और समृद्धि फैलाने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि सभी लोग साक्षरता कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं और छत्तीसगढ़ को शत–प्रतिशत साक्षर बनाते हुए डिजिटल साक्षरता, जागरूकता सहित जीवन पर्यन्त शिक्षा की ओर अग्रसर हों।

## किसान दिवस

भगवान बलराम की जंयती पर कल नौ सितम्बर को प्रदेशभर में किसान दिवस मनाया जाएगा। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। किसान दिवस

का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विकास किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय किसान संघ मिलकर करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी शामिल होंगे।

इस अवसर पर ''प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि'' विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से दो हजार से अधिक किसान शामिल होंगे। इसी दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में संचालित सत्ताईस कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी श्री बलराम जयंती–किसान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**हत्या**

दुर्ग जिले के ग्राम नंदनी खुंदनी में बीती रात दो गुटों के बीच हुए विवाद में तीन लोगों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दुर्ग के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि गांव में गणेश स्थापना उत्सव मनाया जा रहा था। इसी दौरान डीजे में नाचने को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों गुटों ने एक–दूसरे पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में घायल चार लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक अन्य व्यक्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने नंदिनी

थाने का घेराव किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में हैं।

## चक्रधर समारोह

रायगढ़ में कल से चक्रधर समारोह शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगीत सम्राट महाराज चक्रधर ने शास्त्रीय कला संगीत को विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कला संस्कृति के साथ—साथ पारंपरिक विरासत को सहेजने के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही रायगढ़ में संगीत महाविद्यालय प्रांरभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रायगढ़ के शैल चित्रों पर आधारित अभिलेखीकरण पुस्तिका और चक्रधर समारोह की परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया।

समारोह के पहले दिन जानी—मानी शास्त्रीय नृत्यांगना और अभिनेत्री पद्मश्री हेमा मालिनी ने नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति दी।

इससे पहले, मीडिया से बातचीत करते हुए शास्त्रीय नृत्यांगना और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

गौरतलब है कि दस दिनों तक चलने वाले इस समारोह में देश और प्रदेश के कई जाने—माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## स्वाइन फ्लू

बिलासपुर जिले में स्वाइन फ्लू से एक और मरीज की मौत हो गई है। इस महिला मरीज को इकतीस अगस्त को सिम्स मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। कल इलाज के दौरान इसकी मृत्यु हो गई। इसके साथ ही जिले में स्वाइन फ्लू से मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। वहीं, जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या एक सौ उनसठ तक पहुंच गई है।

इस बीच, बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि स्वाइन–फ्लू के मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज सिम्स, जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आइसोलेशन वार्ड, दवाईयों और आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर मरीजों को उच्च संस्थानों में भेजने के लिए एंबुलेंस को भी तैनात किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बुखार, शरीर में दर्द, सर्दी और बलगम की शिकायत पर तत्काल डॉक्टर से परामर्श लें। किसी भी तरह की जानकारी के लिए फोन नम्बर एक शून्य चार पर संपर्क किया जा सकता है।

वहीं, दुर्ग में स्वाइन फ्लू और मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज दानी ने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं से केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से स्वाइन–फ्लू के प्रति सजग और सतर्क रहने की अपील की है।

## **श्रमिक–मोबाइल कैम्प**

प्रदेश के सभी जिलों में श्रम विभाग द्वारा लगभग दो हजार मोबाईल कैंप लगाकर श्रमिकों को योजनाओं और पंजीयन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सत्ताईस हजार से अधिक नये हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। वहीं, मौके पर ही आठ हजार सात सौ से अधिक आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

गौरतलब है कि श्रम विभाग द्वारा हितग्राहियों के पंजीयन का नवीनीकरण इकतीस दिसम्बर तक किया जाएगा।

## **चलित थाना**

कोंडागांव जिले के ग्राम सिंगनपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केशकाल थाना और तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलित थाना के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को नए कानून, महिला और बालिकाओं से संबंधित अपराधों, पॉक्सो एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार कल नौ सितंबर को मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अलावा एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना परिसर में पीपल का पौधा लगाया।

– मोहला–मानपुर–अंबागढ चौकी जिले के औंधी क्षेत्र में माओवादियों ने अपने एक एलओएस सदस्य की हत्या कर दी है।

– रायपुर जिले के सभी ब्लॉकों के स्कूलों में जाति, मूल निवास और आय प्रमाण बनाने के लिए कल नौ सितंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

– नारायणपुर पुलिस ने करीब तेरह लाख सड़सठ हजार रूपए की धोखाधड़ी के आरोप में दिल्ली से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मध्यप्रदेश के ग्वालियर का निवासी है।

– बलौदाबाजार जिले के गिधौरी पुलिस ने ग्राम घटमडवा के पास दोपहिया वाहन से अवैध गांजे की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चौहत्तर हजार रूपए का करीब सात किलो गांजा बरामद किया गया है।

– बलौदाबाजार जिले की लवन पुलिस ने दो महिलाओं की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इस व्यक्ति ने वर्ष दो हजार बीस में एक महिला की और फिर वर्ष दो हजार तेईस में एक अन्य बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी थी।